याद करें पिछले साल की बातें

खाली स्थान भरो:

पिछले साल हम ने खेती, किसानों और खेतिहर मज़दूरों के बारे में पढ़ा। तरह-तरह के किसानों से हमारी पहचान हुई। ——— (छोटे किसान/बड़े किसान) स्वयं या अपने परिवार वालों की मेहनत से खेती करते हैं जबकि ———— (छोटे किसान/बड़े किसान) मज़दूरों से काम करवाते हैं।

गांव और शहरों में सुविधाओं के प्रबन्ध के बारे में भी हमने जाना। ———— (पंचायत/नगरपालिका) गांव की समस्याओं की देख-रेख करती है। यदि वह ठीक से काम न करे तो ———— (मुख्यमंत्री/सरपंच/पंचायत इंस्पेक्टर) को शिकायत की जा सकती है। छोटे नगरों में सुविधाओं का प्रबन्ध ————— (नगर पालिका/नगर निगम/पंचायत) करती है और बड़े नगरों में ———— (नगर पालिका/नगर निगम/पंचायत) सुविधाओं का प्रबन्ध करती है।

जिले में काम करने वाले पुलिस विभाग, ——— विभाग, ———— विभाग— ————— विभाग होते हैं। पूरे जिले की देख रेख ——— करता है।

खेती की उपज और उसकी बिक्री के बारे में भी हम पढ़ चुके हैं। गेहूं, धान, चना, सोयाबीन और ऐसी बहुत सी फसलें थोक में ——— (हाट/मण्डी) में बेची जाती हैं। फुटकर में कृषि उपज ——— में बिकती है। खेती की उपज के अलावा हाट में तुमने ——— (कारीगर, मज़दूर, कर्मचारी) द्वारा बनाई गई चीज़ें और —— —— (घर पर, बाज़ार में, कारखाने में) बनी चीज़ें भी बिकती देखीं।